नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 यूपी से बिहार तक बारिश से आफत


6 बिजलीघरों के विस्तार से पर्यावरण को क्षति


7 ईवी के साथ दूसरे विकल्पों पर देना होगा ध्यान : संजीव


10 10 वर्षीय शिवानंद ने ग्रैंड मास्टर को हराया

# संसद से सड़क तक संग्राम

## खरगे, राहुल, प्रियंका और अखिलेश सहित सैकड़ों सांसदों को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ा

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. इंडिया गठबंधन के सैकड़ों सांसदों ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी के आरोपों के समर्थन में संसद भवन से चुनाव आयोग के मुख्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने रास्ते में रोक कर उन्हें हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें छोड़ा गया.**

विपक्षी सदस्य इसके पहले संसद भवन में मकर द्वार पर एकत्र होकर मतदाता सूची के विशेष गहन समीक्षा के विरोध में नारेबाजी की और वहां से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर पैदल मार्च शुरू किया. इस विरोध प्रदर्शन में गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव



सहित सैकड़ों सांसद नारेबाजी करते हुए संसद मार्ग पर चल रहे थे. रास्ते में अखिलेश यादव सहित कई सदस्यों ने पुलिस के बैरिकेड को पार करने का प्रयास किया. पुलिस ने क्षेत्र में निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में उन सबको हिरासत में ले लिया. पुलिस के हस्तक्षेप के विरोध में विपक्षी सदस्य सड़क पर धरना देने लगे. इस दौरान सांसदों और दिल्ली पुलिस के बीच हल्की नोक-झोंक हुई. दिल्ली पुलिस गांधी और सभी सांसदों को बस में संसद मार्ग से थाने ले आई.

सांसदों में कांग्रेस के पी चिदंबरम और रेणुका चौधरी, राकांपा(एसपी) की सुप्रिया सुले, और शिवसेना(यूबीटी) के संजय राउत शामिल थे. सांसदों के हाथों में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ बैनर और पोस्टर भी थे. गांधी ने मीडिया से कहा, यह लड़ाई राजनीतिक नहीं, संविधान बचाने की लड़ाई है. उन्होंने कहा, हम 'एक व्यक्ति एक वोट' की लड़ाई लड़ रहे हैं. हम एक साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहते हैं. वाड्रा ने पुलिस की बस में बैठाये जाने के बाद मीडिया से कहा, यह सरकार डरी हुई है.

### मणिपुर बजट, जीएसटी संशोधन विधेयकों पर संसद की मुहर

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त.** राज्य सभा ने राष्ट्रपति शासन के तहत चल रहे मणिपुर के 2025-26 के बजट, मणिपुर विनियोग विधेयक (संख्या 2) 2025 और मणिपुर माल एवं सेवाकर (संशोधन) विधेयक 2025 को सोमवार को संक्षिप्त चर्चा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारण के जवाब के बाद यथा रूप लोक सभा को लौटा दिया. लोक सभा इन विधेयकों को पहले ही मंजूर कर चुकी थी.

# मोदी का सांसदों को फ्लैट का तोहफा

- प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल
- यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग के अनुरूप है

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित सांसदों के लिए नए फ्लैट्स का उद्घाटन किया. कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मोदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर नए फ्लैट्स का उद्घाटन कर देश के जनप्रतिनिधियों को समर्पित किया.**

इस कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्रियों एवं सभी सांसदों का अभिवादन किया गया. सांसदों के लिए चार टावरों में फ्लैट बनाये गये हैं. प्रधानमंत्री ने कहा ये चारों टावरों के नाम देश की प्रमुख नदियों कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली के नाम पर रखा गया है. मोदी ने कहा भारत की चारों प्रमुख नदियों को करोड़ो लोगों को जीवन दायनी माना जाता है. अब उनकी प्रेरणा से हमारे जनप्रतिनिधियो के जीवन में आनन्द की नई धारा बहेगी.

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोसी नदी का ज़िक्रकरने के साथ-साथ विपक्ष पर चुटकी लेते हुये कहा कुछ लोगों को इससे भी परेशानी होगी इसका नाम कोसी क्यों रखा ....वो लोग इस नाम को बिहार चुनाव से जोड़कर देखने लगेंगे. उनको इसका नाम कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव दिखेगा.



### यूक्रेन युद्ध पर मोदी-जेलेंस्की की लंबी बातचीत

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त.** 15 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रस्तावित बैठक से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लंबी बातचीत की. जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग, मौजूदा कूटनीतिक स्थिति और यूक्रेन में युद्ध से हुए नुकसान पर विस्तार से चर्चा हुई. उन्होंने पीएम मोदी के समर्थन के लिए आभार जताया. मोदी ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भारत संघर्ष के जल्द और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर दृढ़ है और यूक्रेन के साथ संबंध मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. जेलेंस्की ने पीएम मोदी को रूसी हमलों से यूक्रेनी शहरों और गांवों को हुए नुकसान और ज़ापोरिज्जिया बस अड्डे पर हालिया बमबारी की जानकारी दी जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए.

## एक नजर में




### ईसी ने राहुल गांधी से फिर मांगा हलफनामा

**नयी दिल्ली.** चुनाव आयोग ने लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से दोहराया है कि वे अपने वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा देकर शिकायत करें, अन्यथा देश से माफी मांगें. राहुल गांधी का कहना है कि उन्होंने सांसद के तौर पर शपथ ली है और सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाए हैं, इसलिए आयोग को बिना हलफनामे के उनकी शिकायत पर कार्रवाई करनी चाहिए. आयोग ने यह रुख उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद अपनाया, जिसमें राहुल गांधी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र और यूपी की वोटर लिस्ट में एक ही नाम होने का आरोप लगाया था. कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को राहुल गांधी को दोबारा चिट्ठी भेजकर एक महिला वोटर पर दो बार वोट डालने के आरोप पर हलफनामा मांगा. महिला ने आरोप से साफ इनकार किया है.

### कर्नाटक के मंत्री के. एन. राजन्ना ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के. एन. राजन्ना ने मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने के बाद मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने इस्तीफा मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को सौंपा, जिसे स्वीकृति के लिए राजभवन भेजा गया और राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने मंजूर कर लिया. मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के करीबी माने जाने वाले राजन्ना ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान मतदाता सूची में हेराफेरी हुई थी. उनका यह बयान पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत था. माना जा रहा है कि उनकी टिप्पणियों से राजनीतिक विवाद बढ़ने के बाद कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश दिया. पिछले सप्ताह राहुल गांधी की अगुवाई में बेंगलुरु में आयोजित रैली में कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया था.

## गुस्ताखी माफ




# परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा भारत

- मुनीर ने दी भारत पर परमाणु बम हमले की धमकी
- न्यूक्लियर धमकी देना पाक की पुरानी आदत : जायसवाल

**नई दिल्ली, 11 अगस्त. भारत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा के दौरान कथित टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और उन्हें 'परमाणु हमले' की धमकी बताते हुए कहा है कि इस तरह के बयान पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं.**

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि यह 'अफसोसजनक' है कि ये टिप्पणी 'एक मित्रवत तीसरे देश की धरती



से' की गईं. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि वह 'आतंकवादी गुटों के साथ मिलीभगत' करने वाली सेना की 'ऐसी टिप्पणियों में निहित गैरजिम्मेदारी' पर ध्यान दें. बयान में कहा गया है कि इस तरह की टिप्पणी पाकिस्तान की परमाणु कमान और नियंत्रण व्यवस्था की अखंडता पर संदेह पैदा करती हैं. विशेषकर ऐसे देश में जहां सेना 'आतंकवादी गुटों के साथ मिलीभगत' रखती है.

> विदेश मंत्रालय ने भारत के रुख़ को दोहराते हुए कहा कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 'सभी ज़रूरी कदम' उठाएगा. विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा है, हमारा ध्यान पाकिस्तानी सेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के दौरान कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की ओर आकर्षित किया गया है.

भारत का यह बयान जनरल मुनीर के अमेरिका में एक भाषण के दौरान भारत को 'परमाणु युद्ध' की धमकी देने के बाद आया है. उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर ख़तरा आया तो वह 'आधी दुनिया को तबाह कर देगा'.

### नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे एक ही दिन दो घातक युद्धपोत

**नयी दिल्ली 11 अगस्त.** नौसेना के लिए आगामी 26 अगस्त का दिन ऐतिहासिक रहेगा जब उसके बेड़े में एक साथ दो घातक और उन्नत युद्धपोत उदयगिरि (एफ 35) और हिमगिरि (एफ 34) शामिल होंगे. नौसेना के अनुसार यह पहला मौका होगा जब दो प्रमुख भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख युद्धपोत को एक ही समय में विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल होंगे. यह अवसर भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण और कई शिपयार्डों से युद्धपोतों का निर्माण करने की उसकी क्षमता को रेखांकित करता है. यह उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता को दर्शाती है.

# सेना के सम्मान में है हर घर तिरंगा अभियान

- ग्वालियर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा
- तिरंगा यात्रा से देशभक्ति के जज्बे की उठी हिलोरें : सीएम

**ग्वालियर, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमस्कार करने के लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।**

इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित हुई देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत खुशी का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय



सेना ने इस बार पाकिस्तान में भीतर घुसकर आतंकवादियों को मारने के साथ-साथ उनके विमान व अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है।

ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में नगर निगम सभापति मनोज तोमर तथा रामनिवास रावत, मुन्नालाल गोयल, महेन्द्र सिंह यादव, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, अनिल सांखला, विनय जैन, विनोद शर्मा व दीपक शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहभागी बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि पूरे देश में घर-घर तिरंगा अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश के सभी हिस्सों में रैलियों के माध्यम से देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो कर दिखाया है उसके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। मेरी ओर से ग्वालियर वासियों को भी इस अभियान को भव्यता के साथ मनाने के लिये बधाई।

# 14 करोड़ का गोल्ड, 5 लाख कैश लूटे

## लॉकर की चॉबी लेकर कर्मचारियों को कमरे में बंद कर की वारदात

**जबलपुर, 11 अगस्त. खितौला थाना अंतर्गत इसाफ बैंक 8.30 बजे के बाद खुला. इसके बाद रोजाना की तरह पांच कर्मचारी पहुंच गए थे और कामकाज शुरू हो चुका था. जैसे ही घड़ी में 8.50 बजे, तभी दो बाइकों से पांच डकैत हेलमेट लगाकर पहुंचे, 9 बजते ही तीन डकैत अंदर घुस गए और दो बाहर खड़े होकर पहरेदारी करने लगे.**

बैंक के भीतर प्रवेश करने के बाद डकैतों बंदूक दिखाकर बैंक कर्मचारियों को डराने धमकाने लगे और बैंक लॉकर की चॉबी ले ली और इसके बाद सभी कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया. 20 मिनट तक बैंक लॉकर से 14 किलो 875 ग्राम सोना ,पांच लाख नगद लेकर उन्हें थैले में भरकर फरार हो गए. डकैत जबलपुर के इतिहास में पहली बार इतना गोल्ड लगभग 14 करोड़ से अधिक का ले गए हैं. इस तरह की डकैती पहली बार हुई है.



**पांच जिलों में अलर्ट :** डकैती पड़ने के बाद जबलपुर के अलावा कटनी, मंडला, सिवनी, दमोह जिले को भी अलर्ट किया गया. आरोपियों को पकड़ने के लिए आस-पास के सभी थानों को सूचना भेज दी है इसके साथ ही जगह-जगह नाकेबंदी भी की गई.

### 20 मिनट बैंक में रहे, नाकाबंदी, 35 मिनट में फरार

डकैती के बाद करीब 15 मिनट में पुलिस मौके पर पहुंच गई थी शहर समेत जिला प्रवेश सीमा पर नाकाबंदी कर दी गई लेकिन 35 मिनट के भीतर ही डकैत चकमा देकर फरार हो चुके थे पुलिस को देर शाम तक डकैतों को लेकर कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग पाए थे. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघारिया, खितौला थाना प्रभारी अर्चना जाट मौके पर पहुंच गए थे.

**पांच रूपों में दर्शन** | ओरछा के राजाराम लोक, बगलामुखी की झांकियां शामिल रही

# भादौ में महाकाल की पांचवीं सवारी निकली

**उज्जैन. भादौ मास में सोमवार को महाकाल की पांचवीं सवारी निकली. सवारी में भगवान महाकाल ने पांच रूपों में दिव्य दर्शन देकर लाखों श्रद्धालुओं को अभिभूत किया. सवारी में ओरछा के राजाराम लोक, बगलामुखी और मैहर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही. मप्र पर्यटन विभाग ने ये झांकियां निकाली. इन्हें आगे फूलों से सजाया गया था.**

दोपहर में करीब साढ़े 3 बजे मंदिर के सभामंडप में भगवान महाकाल के चांदी की पालकी में निकलने वाले श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप का



शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा ने पूजन किया. इसके बाद पुजारियों ने भगवान को पालकी में विराजित किया और कहारों ने पालकी उठाई. मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस के जवानों ने राजाधिराज महाकाल को सलामी देकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. सवारी में आगे झांझ-डमरू पर थिरकते भक्त और भजन गाती मंडलियां निकली. फिर घुड़सवार दल, पुलिस का बैंड पैदल धुन बजाते हुए निकला. इस सवारी में श्रावण मास जैसी भीड़ नहीं थी. लेकिन श्रद्धालुओं में काफी उत्साह था. मार्ग हमेशा की तरह जयकारों से गूंज उठा.शिप्रा के रामघाट पर सवारी में चार जनजातीय एवं लोक नृत्य कलाकारों के दल भी शामिल हुए जिन्होंने जोरदार प्रस्तुति दी. सवारी में पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरुड़ के रथ पर शिव तांडव, नंदी के रथ पर उमा-महेश और डोल के रथ पर होल्कर स्टेट का स्वरूप के दर्शन हुए. महाकाल की अगली सवारी अंतिम यानी राजसी होगी जो 18 अगस्त सोमवार को निकलेगी. यह सवारी बड़े रूट से होकर जाएगी. श्रावण-भादो मास के क्रम में यह छठी सवारी होगी. इस सवारी का नगर भर में मंचों से स्वागत भी किया जाता है.

### सवारी में तिरंगे झंडे भी लहराए

15 अगस्त के ठीक पहले निकली इस सवारी में पुलिस के सशस्त्र जवान तिरंगे झंडे लगाकर पैदल मार्च पास्ट करते हुए नजर आए. सवारी को लाइव दिखाने के लिए चलित रथ, फीगंज, नानाखेड़ा आदि जगहों पर स्क्रीन व मंदिर के फेसबुक पेज पर लाइव प्रसारण किया गया.

## श्रद्धा सुमनांजलि



**स्व. श्री विनोदबाबू माहेश्वरी**

जन्म : 17-10-1944 महाप्रयाण : 12-8-2024

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।।
(गीता 3-21)

श्रेष्ठ पुरुष जिस-जिस कर्म का आचरण करते हैं,
उसी-उसी का दूसरे लोग भी पालन करने लगते हैं.
वे जिस बात को प्रमाण मानते हैं,
समाज का हर व्यक्ति उसी का अनुसरण करने लगता है.

नव भारत Central Chronicle
परिवार